Social Justice Union
Govt. Registered

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 06 मई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 217

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुरैना में जमीन के लिए महाभारत, पुरानी रंजिश में 5 लोगों को गोलियों से भूना

**मुरैना (आरएनएस)।** मुरैना में आज सुबह गोली मारकर 5 लोगों की हत्या कर दी गई। घटना जिले के सिहोनिया थाना क्षेत्र के लेपा भिडोसा गांव की है। जानकारी के मुताबिक पुरानी रंजिश के चलते एक पक्ष ने एक ही परिवार के 5 लोगों को गोलियों से भून दिया। इसमें 3 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। वही घायलों में 2 पुरुष और 1 महिला हैं। बताया जा रहा है कि इस गोलीकांड के पीछे करीब 10 साल पुरानी लड़ाई है। दस साल पहले मृतकों के परिवार के लोगों ने आरोपियों के परिजन की हत्या की थी। दिमनी विधायक रविंद्र सिंह भी लेपा भिडोसा गांव के रहने वाले हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। जमीन विवाद के चलते लेपा गांव में 2014 में भी मर्डर हो चुका है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों में काफी लंबे समय से विवाद चल रहा था।

### शरद पवार का इस्तीफा नामंजूर, एनसीपी की मीटिंग में बड़ा फैसला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की कोर कमेटी ने एक बैठक कर शरद पवार का इस्तीफा नामंजूर कर दिया है। एनसीपी कमेटी ने ये फैसला लिया है शरद पवार 2024 तक अध्यक्ष बने रहेंगे। एनसीपी अध्यक्ष पद को लेकर घमासान के बीच एनसीपी कमिटी ने शरद पवार का इस्तीफा सर्वसम्मति से नामंजूर किया और पवार अध्यक्ष बने इस प्रस्ताव को पारित किया। अब कमिटी नेता शरद पवार को इस निर्णय के बारे में बताएंगे। इससे पहले पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का नाम तय करने के लिए शरद पवार ने 18 सदस्यीय समिति का गठन किया था जिसमें प्रफुल्ल पटेल, सुनील तटकरे, पीसी चाको, नरहरि जिरवाल, अजीत पवार, सुप्रिया सुले, जयंत पाटिल, छगन भुजबल, दिलीप वलसे-पाटिल, अनिल देशमुख, राजेश टोपे, जितेंद्र आव्हाड, हसन मुश्रीफ, धनंजय मुंडे, जयदेव गायकवाड़ और पार्टी के अन्य नेता शामिल हैं।


### नाइजीरिया में सुरक्षा बलों के अभियान में 40 आतंकवादी ढेर

**लागोस।** नाइजीरिया के पूर्वोत्तर क्षेत्र में सरकारी सुरक्षा बलों के अभियानों में कम से कम 40 चरमपंथी आतंकवादी मारे गये हैं। सेना के प्रवक्ता मूसा दानमादामी ने बताया कि पिछले दो सप्ताह में सुरक्षा बलों के अभियान में 40 आतंकवादी मारे गये हैं। उन्होंने बताया कि सैनिकों ने अशांत क्षेत्र से 131 अपहृत लोगों को छुड़ाया भी है। प्रवक्ता ने बताया कि चरमपंथी समूह बोको हराम के 510 सदस्यों और उनके परिवारों ने विभिन्न स्थानों पर सरकारी सैनिकों के सामने आत्मसमर्पण किया। इनमें 54 वयस्क पुरुष, 164 वयस्क महिलाएं और 292 बच्चे शामिल हैं।

### पाकिस्तान के स्कूल में फायरिंग, 7 टीचर्स की मौत, कई स्टूडेंट्स घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के खुर्रम जिले में फायरिंग में 7 टीचर्स की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि, अब तक यह साफ नहीं हो सका है कि फायरिंग की इस घटना को आतंकियों ने अंजाम दिया, या यह आपसी दुश्मनी का कोई मामला है। इसी इलाके में फायरिंग की एक और घटना भी हुई है। इसमें दो लोग मारे गए हैं। दोनों वारदात 6 किलोमीटर के दायरे में हुईं। इस बारे में ज्यादा जानकारी का इंतजार है।

# जम्मू-कश्मीर के राजौरी में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में 5 जवान शहीद, ऑपरेशन जारी



**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के कंडी इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच जवान शहीद हो गए। सेना ने कहा, राजौरी सेक्टर में चल रहे ऑपरेशन में सुबह गंभीर रूप से घायल हुए तीन सैनिकों ने दम तोड़ दिया। ऑपरेशन अभी भी जारी है। इससे पहले सेना ने बताया था कि आतंकवादियों ने जवाबी कार्रवाई में एक विस्फोटक उपकरण दागा।

राजौरी सेक्टर के कंडी जंगल में आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना पर 03 मई 2023 को संयुक्त अभियान चलाया गया। 05 मई 2023 को लगभग 07.30 बजे, एक सर्च टीम ने एक गुफा में छिपे आतंकवादियों के एक समूह के साथ संपर्क स्थापित किया। उन्होंने कहा, आसपास की अतिरिक्त टीमों को मुठभेड़ स्थल के लिए निर्देशित किया गया है।

सेना ने कहा, प्रारंभिक रिपोर्टें के अनुसार, आतंकवादियों का एक समूह इलाके में फंसा हुआ है। आतंकवादी समूह के हताहत होने की आशंका है। अभियान जारी है। जम्मू क्षेत्र में भाटा धूरियन के तोता गली इलाके में एक सेना के ट्रक पर घात लगाकर हमला करने वाले आतंकवादियों के एक समूह के खिलाफ भारतीय सेना का अभियान जारी हैं।

## बर्दाश्त नहीं करेंगे सीमा पार से आतंकवाद : एस जयशंकर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** विदेश मंत्रियों की एससीओ परिषद की बैठक के लिए पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो इस समय भारत दौरे पर हैं। सत्र को संबोधित करते हुए बिलावल की मौजूदगी में एस जयशंकर ने पाकिस्तान को खूब सुनाया। आतंकवाद पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए उन्होंने आतंकी गतिविधियों के लिए फंडिंग को रोकने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने पाकिस्तान, चीन समेत सभी एससीओ सदस्य देशों के सामने साफ कर दिया कि भारत सीमा पार से आतंकवाद बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा, हम सबको मिलकर आतंकवाद से लडऩा होगा। आतंकवाद को अभी भी हराया नहीं जा सका। आतंकवाद से मुकाबला हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है।



विदेश मंत्रियों की एससीओ परिषद के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए एस जयशंकर ने कहा कि जब दुनिया कोरोना का सामना करने में लगी हुई थी, उस दौरान भी कुछ देश आतंकवाद को बढ़ावा दे रहे थे। इस खतरे से नजरें हटाना हमारी सुरक्षा के लिए हानिकारक साबित होगा। हमारा दृढ़ विश्वास है कि आतंकवाद का कोई औचित्य नहीं हो सकता है। इसे सीमा पार आतंकवाद सहित इसके सभी रूपों में रोका जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों के लिए तैयार चैनलों को बिना किसी देरी के अवरुद्ध किया जाना चाहिए। सदस्य देशों को यह याद दिलाने की आवश्यकता नहीं है कि आतंकवाद का मुकाबला करना एससीओ के मूल जनादेशों में से एक है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि मैं एससीओ की भारत की पहली अध्यक्षता के तहत आपकी मेजबानी करते हुए हर्षित महसूस कर रहा हूं। एससीओ की हमारी अध्यक्षता के तहत, हमने 100 से अधिक बैठक और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किये जिनमें 15 मंत्री स्तरीय बैठकें शामिल हैं।

## बेकाबू ट्रक की टक्कर से मासूम समेत चार की मौत



**बावन,हरदोई (आरएनएस)।** जिले के लोनार और सांडी थाना क्षेत्रों में दो हादसे से इलाके में हडक़ंप मच गया है। बेकाबू ट्रक चालक ने लोनार के जगदीशपुर में बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिसमें दो की इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई जबकि महिला गंभीर घायल है।वहीं सांडी के सैतियापुर में उसी ट्रक ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिस पर सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। एएसपी पश्चिमी और पूर्वी समेत कई थानों की फोर्स मौके पर मौजूद है।

बताते चले कि लोनार थाना क्षेत्र में एक बेकाबू ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें पति -पत्नी समेत गंभीर घायल बच्चे को मेडिकल कॉलेज भेजा गया।जहां इलाज के दौरान पति और बच्चे की मौत हो गई जबकि महिला की हालत गंभीर बनी है। उसी ट्रक ने भागने के चक्कर में सांडी थाना क्षेत्र के सैतियापुर में ई -रिक्शा को टक्कर मार दी। 50 मीटर तक ई रिक्शा में फंसकर ट्रक चला गया। जिसमें ऑटो सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दर्दनाक हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया। दोनों तरफ घंटो काफी लंबा जाम लगा रहा, पुलिस ने यातायात व्यवस्था को संभाला है। हादसे में सैतियापूर गांव के गुड्डू यादव और पुजारी पाठक की मौत हुई है। सूचना पर एएसपी पश्चिमी दुर्गेश कुमार सिंह और पूर्वी नृपेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे। कई थानों की फोर्स ने मौके पर सुरक्षा व्यवस्था को संभाला है। एसपी राजेश द्विवेदी ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया है। पुलिस ने सभी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## केदारनाथ धाम : गरुड़चट्टी और मोदी गुफा को जोड़ने के लिए लगाए गए पुल के गार्डर हुए क्षतिग्रस्त, आवाजाही हुई बंद

**रुद्रप्रयाग (आरएनएस)।** केदारनाथ धाम में मोदी गुफा को जाने वाला पैदल पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। गरुड़चट्टी और मोदी गुफा को जोडऩे के लिये लगाये गये पुल के गार्डर क्षतिग्रस्त हो गये हैं। जिसके कारण यहां आवाजाही बंद हो गई है। इस कारण श्रद्धालुओं की परेशानियां बढ़ गई हैं। बताया जा रहा है मंदाकिनी नदी पर बने पुल के गार्डर क्षतिग्रस्त हो गये हैं। ऐसे में धाम पहुंचने वाले तीर्थ यात्रियों को मंदाकिनी नदी पार स्थित गढ़वाल मंडल विकास निगम की टेंट कॉलोनी, मोदी गुफा, गरुड़चट्टी और ललित दास महाराज के आश्रम में पहुंचने में दिक्कतें हो रही हैं। नदी पार जाने के लिये मंदाकिनी नदी पर बने पुल पर फिलहाल आवाजाही बंद है।



आपको बता दें कि, केदारनाथ धाम में मदाकिनी नदी पार केदारनाथ धाम का पुराना रास्ता और गरुड़चट्टी स्थित है। इस बार नदी पार गढ़वाल मंडल विकास निगम ने भी यात्रियों के रहने के लिये टेंट कॉलोनी बनाई है। मोदी गुफा सहित अन्य गुफएं भी यहीं हैं। लगातार बारिश होने के कारण पुल के आस-पास पैदल रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है। ऐसे में जो भी यात्री मोदी गुफा के अलावा टेंट कॉलोनी में रुकने के लिये जा रहे हैं, उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इसके अलावा ललित महाराज का आश्रम भी यहीं स्थित है। आश्रम में आये दिन हजारों भक्त निशुल्क भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने और रुकने के लिये जाते हैं। अब रास्ता क्षतिग्रस्त होने से उन्हें दिक्कतें हो रही हैं। विभागीय अधिकारियों की ओर से बताया जा रहा है मंदाकिनी नदी पर बने पुल के गार्डर क्षतिग्रस्त हो गये हैं। नये गार्डर बनाने के लिये दिये गये हैं। फिलहाल पुल से आवाजाही बंद है। जो भी यात्री नदी पार जाना चाहते हैं, उन्हें अब मंदिर के पीछे बने रास्ते से जाना होगा।

चारधाम महापंचायत के उपाध्यक्ष संतोष त्रिवेदी ने कहा कि मोदी गुफा और गरुड़चट्टी को जाने वाला पैदल पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। यह मार्ग मोदी गुफा को भी जोड़ता है। साथ ही ललित महाराज आश्रम भी पुल के दूसरी ओर है। वहां सैकड़ों की संख्या में भक्त और साधु संत नि:शुल्क में रहते हैं। इसके अलावा गढ़वाल मंडल विकास निगम के टेंट भी पुल के दूसरी तरफ लगाये गये हैं। त्रिवेदी ने कहा कि जल्द ही पुल का ट्रीटमेंट किया जाना जरूरी है। मोदी गुफा के लिए कई लोगों ने बुकिंग करवाई है।

## मणिपुर में सेना का फ्लैग मार्च जारी, अतिरिक्त सैनिकों को असम से किया गया एयरलिफ्ट



**इंफाल (आरएनएस)।** मणिपुर में व्यापक अशांति को देखते हुए केंद्र सरकार ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए शुक्रवार को राज्य में अनुच्छेद 355 लागू कर दिया, शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अनुच्छेद 355 संविधान में निहित आपातकालीन प्रावधानों का एक हिस्सा है जो केंद्र को आंतरिक गड़बड़ी और बाहरी आक्रमण के खिलाफ राज्य की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने का अधिकार देता है। मणिपुर पुलिस के महानिदेशक पी. डौंगेल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि समग्र स्थिति की समीक्षा करने के बाद, पूरे राज्य में अनुच्छेद 355 लागू किया गया है, जिससे केंद्र को स्थिति को नियंत्रण में लाने और लोगों के जान-माल की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने की अनुमति मिल गई है। पुलिस प्रमुख ने कहा कि कुछ बदमाशों ने बिष्णुपुर जिले के एक थाने से हथियार लूट लिए और उन्होंने उनसे हथियार और गोला-बारूद वापस करने का आग्रह किया, जिसमें विफल रहने पर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की जाएगी। डीजीपी ने कहा, मणिपुर में स्थिति एक या दो दिन में नियंत्रण में आने की उम्मीद है। सेना और असम राइफल्स ने शुक्रवार को तीसरे दिन भी मणिपुर के कई अशांत जिलों में फ्लैग मार्च करना जारी रखा, हालांकि विभिन्न इलाकों से छिटपुट घटनाओं की सूचना मिली थी।

एक रक्षा प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि कई इलाकों में फ्लैग मार्च किया जा रहा है, खासकर सबसे अशांत चुराचांदपुर जिले में। रक्षा पीआरओ ने कहा- भारतीय वायु सेना ने असम में दो हवाई क्षेत्रों से सी17 ग्लोबमास्टर और एएन 32 वायुयानों को नियोजित करते हुए असम में दो हवाई क्षेत्रों से अतिरिक्त सेना और अर्धसैनिक बलों को ले जाने के लिए निरंतर उड़ानें भरीं। यह गुरुवार रात से शुरु हुआ, और शुक्रवार सुबह सेना ने फ्लैग मार्च किया। प्रभावित इलाकों से सभी समुदायों के नागरिकों को निकालने का काम पूरी रात जारी रहा। मणिपुर सरकार ने गुरुवार को स्थिति को नियंत्रित करने और राज्य में सामान्य स्थिति लाने के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (खुफिया) आशुतोष सिन्हा को ओवरऑल ऑपरेशनल कमांडर नियुक्त किया। सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि 23 पुलिस स्टेशनों, ज्यादातर राज्य के पहाड़ी जिलों में, सबसे असुरक्षित के रूप में पहचाने गए हैं और इन पुलिस स्टेशनों में सेना और केंद्रीय अर्ध-सैन्य बलों को तैनात किया गया है।

एडीजीपी ने अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ मीडिया को बताया कि विभिन्न समुदायों के 20,000 से अधिक प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सिन्हा ने कहा, हम लोगों से आग्रह करते हैं कि वह किसी भी अफवाह का शिकार न हों और अगर उन्हें किसी तरह की सहायता की जरूरत हो तो नजदीकी पुलिस थानों और सरकारी अधिकारियों से संपर्क करें।

सीआरपीएफ के पूर्व प्रमुख, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी कुलदीप सिंह को मणिपुर सरकार द्वारा सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया है। इस बीच, सीआरपीएफ के पांच से अधिक उप महानिरीक्षक (डीआईजी) रैंक के अधिकारियों और सात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (एसएसपी) और एसपी रैंक के अधिकारियों को हिंसा प्रभावित मणिपुर में विभिन्न सुरक्षा बलों की तैनाती का समन्वय करने का काम सौंपा गया है।

## मनीष सिसोदिया के खिलाफ ईडी की सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर, 2000 पन्नों के आरोप पत्र में पूर्व डिप्टी सीएम का नाम



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के खिलाफ ईडी ने 2000 पन्नों की चार्जशीट दायर की है। ईडी ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दायर की है। मनीष सिसोदिया के खिलाफ सीबीआई भी चार्जशीट दायर कर चुकी है।

मनीष सिसोदिया ने जमानत के लिए कोर्ट के दरवाजे भी खटखटाए थे, लेकिन उन्हें जमानत नहीं मिली थी। सिसोदिया फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद है।

इससे पहले मनीष सिसोदिया ने अपनी पत्नी के खराब स्वास्थ्य के चलते अंतरिम जमानत की भी मांग की थी। इस मामले को लेकर कोर्ट ने ईडी से जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले में अगली सुनवाई 11 मई को होगी। सिसोदिया की जमानत याचिका को निचली अदालत ने 28 अप्रैल को खारिज कर दिया था।

## सुहागन बनने के कुछ ही घंटे में विधवा बन गई दुल्हन

### दुल्हे की हार्ट अटैक से मौत

**भागलपुर (आरएनएस)।** बिहार के भागलपुर के विवाह समारोह की खुशी कुछ ही पलों में मातम में बदल गई जब कुछ ही समय पूर्व सुहागन बनी दुल्हन दुल्हे के निधन के बाद विधवा बन गई। पूरा मामला भागलपुर के एक विवाह भवन का है, जहां बुधवार की रात खंजरपुर के झौवा कोठी के रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर दिलीप प्रकाश की शादी झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम की आयुषी से हुई।

देर से शुरू हुई शादी के रस्म रिवाज निभाने में हुई देरी के कारण विवाह कार्यक्रम गुरुवार सुबह पांच बजे तक चलता रहा। बताया जाता है कि सुबह आठ बजे दूल्हा जब दुल्हन को विदा कराने को लेकर तैयारी में था, तभी उसके सीने में अचानक तेज दर्द हुआ और वह कुर्सी से नीचे गिर गया।



परिवार वाले उसे मायागंज अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद दोनों परिवार में कोहराम मच गया। दुल्हन के जोड़े में अस्पताल पहुंची आयुषी ने पति को मृत देख बहदवास होकर गिर पड़ी। आयुषी दहाड़ मारकर रोते रोते कह रही थी कि जब साथ निभाना ही नहीं था तो मेरी जिंदगी में आए क्यों?

लडक़ी पक्ष के लोगों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दिलीप दिल्ली में एक निजी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर था। आशंका व्यक्त की जा रही है कि दिलीप की हार्ट अटैक से मौत हो गई है।

आयुषी मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब करती है। इधर, लडक़े के परिजनों का कहना है कि सबकुछ ठीक ढंग से निभाया गया। दुल्हे की तबियत भी ठीक थी। अचानक सब कुछ समाप्त हो गया। जिस मंडप में कुछ देर पहले बैंड बाजा की धुन पर लोग नाच गाकर खुशियां मना रहे थे, वहा से रोने की आवाज सुनाई देने लगी। जिस दुल्हे के घर की महिलाएं नई बहू का इंतजार कर रही थी वहां दुल्हे की अर्थी की तैयारी शुरू ही गई।

## डम्पर और ऑटो के बीच हुई टक्कर में 5 की मौत, 7 लोग घायल

### घायलों का हाल जानने चिकित्सालय पहुंचे डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र

**बहराइच (आरएनएस)।** बीती रात्रि हुजूरपुर-कैसरगंज मार्ग पर मदनी अस्पताल के निकट डम्पर व आटो के बीच हुई भिड़ंत में 05 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 07 लोग घायल हुए है। सडक़ दुर्घटना के कारण थाना हुजूरपर के ग्राम डीहा पुरैनी नि. भगवान प्रसाद पुत्र सागर आयु 45 वर्ष व खुशबू पत्नी राम अचल आयु 30 वर्ष, ग्राम लालापुरवा पुरैनी नि. हरीश चन्द्र पुत्र बृजलाल आयु 45 वर्ष व ग्राम अजग़नपुरवा नि. अनिल कश्यप पुत्र नन्हू आयु 13 वर्ष तथा थाना कैसरगंज के ग्राम कपूरपुर नि. जयकरन पुत्र नन्हू आयु 40 वर्ष की मृत्यु हो गई है।



जबकि थाना कैसरगंज अन्तर्गत ग्राम गाजूपुर पुरैनी के सत्या पुत्र नन्द लाल आयु 08 वर्ष व ग्राम कुनारी बंगला नि. श्रीमती शान्ती पत्नी सियाराम आयु 60 वर्ष तथा थाना हुज़ूरपुर अन्तर्गत ग्राम रेवलिया पुरैनी खैराहा नि. मंगल पुत्र भगवानदीन आयु 70 वर्ष, ग्राम पुरैनी चौराहा नि. राजितराम पुत्र नन्हे आयु 09 वर्ष, नन्हू पुत्र जग्गू आयु 30 वर्ष, चन्दन पुत्र सहजराम आयु 12 वर्ष व श्रीमती कैलाशा पत्नी भगवान प्रसाद आयु 50 वर्ष दुर्घटना में घायल हुए हैं। गम्भीर रूप से घायल सत्या व मंगल को इलाज के लिए हायर सेण्टर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। जबकि शेष 05 घायलों का उपचार महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के महर्षि बालार्क चिकित्सालय के सर्जिकल वार्ड में उपचार किया जा रहा है।

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने अपर जिलाधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह के साथ चिकित्सालय पहुंचकर घायलों का कुशल क्षेम पूछा तथा मौके पर मौजूद चिकित्सकों को निर्देश दिया कि इन्हें बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए। डीएम व एडीएम ने घटना में घायल हुए लोगों के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें ढ़ांढस बंधाते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा घायलों को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रसोईघर का भी अवलोकन कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा मौक़ू पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर चिकित्सक डॉ. एम.एम.एम. पाण्डेय व चिकित्सालय प्रबन्धक रिज़वान खान मौजूद रहे।